आओ चलें मईया जी के द्वारे जय माता दी'बोल जयकारे

आओ चलें मईया जी के द्वारे,
जय माता दी',बोल जयकारे,
बोल जयकारे,सब बोल जयकारे,
मईया भव से पार उतारे,
जय माता दी बोल जयकारे,
आओ चलें.........

अम्बर धरती पर्वत सागर,
तुमसे ही मईया,होत उजागर,
होवे ,तुमसे ही सांझ सकारे,
'जय माता दी',बोल जयकारे,
आओ चलें........

माँ जगदम्बे दुर्गा काली,
सृष्टि की करती रखवाली,
नाचैं, सूरज चाँद सितारे,
'जय माता दी',बोल जयकारे,
आओ चलें.........

माँगहु सत्य असीस तुम्हारी,
पूजहु मन कामना हमारी,
मईया, तुमबिन कोउ न हमारे,
'जय माता दी', बोल जयकारे,
आओ चलें मईया जी के द्वारे,
'जय माता दी',बोल जयकारे.....

जय माता दी, जय माता दी,
जय माता दी, जय माता दी,
जय माता दी-----------------

आभार: ज्योति नारायण पाठक

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7304/title/aao-chale-maiyan-ji-ke-daware-jai-mata-di-bol-jaikaare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |